# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत    जालंधर, 17 मई, 2020    dailysamvad.com    Email: dailysamvad@gmail.com


## एक नजर

### अवैध वाहनों से सफर न करें प्रवासी कामगार, नहीं तो होगी कार्रवाई : योगी



**लखनऊ (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के प्रवासी मजदूरों से पैदल, दोपहिया वाहन तथा ट्रक जैसे अवैध एवं असुरक्षित वाहनों से न आने की अपील करते हुए कहा कि ऐसा पाये जाने पर अवैध वाहन को फौरन जब्त कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने शनिवार रात राज्य के सभी जिलाधिकारियों, जिला पुलिस प्रमुखों तथा मुख्य चिकित्साधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की गयी समीक्षा के दौरान कहा कि वर्तमान में प्रवासी कामगारों/श्रमिकों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक ढंग से उनके गंतव्य तक पहुंचाना सबसे बड़ी चुनौती है।

### मोटरसाइकिल पर पलटा टैंकर, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत, तीन घायल




**नई दिल्ली :** बड़वानी जिले के बिजासन घाट में मुंबई–आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग–3 पर रविवार को तेज गति से जा रहा तेल से भरा एक टैंकर अनियंत्रिक होकर दूसरी ओर से आ रहे मोटरसाइकिल के ऊपर पलट गया, जिससे एक ही परिवार की दो बच्चियों सहित चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गये। इस मोटरसाइकिल पर छह लोग सवार थे, जिनमें एक दंपति एवं उसकी दो बेटियों की मौत हो गई है, जबकि उनकी दो मासूम बेटियां घायल हुई हैं। तीसरा घायल टैंकर चालक है।

### डोडा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, दो आतंकी ढेर, एक जवान शहीद



**डोडा/जम्मू।** जम्मू कश्मीर में डोडा जिले के एक गांव में रविवार को मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन का एक आतंकवादी मारा गया और सेना का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद डोडा शहर से 26 किलोमीटर दूर गुंडाना इलाके के पोस्ता–पोत्रा गांव में एक संयुक्त अभियान चलाया। इसके बाद दोनों ओर से मुठभेड़ शुरू हो गई।

# देश में 31 मई तक लाकडाउन!

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार पूरे देश में 31 मई तक लाकडाउन बढ़ाने जा रही है। यह जानकारी सूत्रों के जरिए आ रही है। इससे पहले पंजाब, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तमिलनाडु की सरकारों ने अपने राज्यों में 31 मई तक लाकडाउन बढ़ाने का ऐलान कर चुकी है। इसकी गाइडलाइन देर शाम तक जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों देश की जनता को

**14 दिन और घर में ही रहना होगा**

संबोधित करते हुए था कि 18 मई से लाकडाउन 4.0 शुरू होगा। उन्होंने तब कहा था कि इसकी घोषणा 17 मई को कर दी जाएगी। जिससे अब केंद्र सरकार ने 31 मई तक लाकडाउन बढ़ाने का फैसला किया है। इससे पहले पंजाब, तेलंगाना, महाराष्ट्र और तमिलनाडु ने 31 मई तक लाकडाउन बढ़ाने का फैसला कर चुका है।




# देश में कोरोना के मामले 90 हजार के पार

## शहर से गांव लौट रहे लोगों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पहुंचा वायरस



**डेली संवाद, नई दिल्ली।**

उत्तर में जम्मू-कश्मीर से लेकर दक्षिण में केरल और ओडिशा,बिहार सहित तमाम राज्यों में कोविड-19 के नए मामले आने के साथ ही शनिवार को देश में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 90,000 के पार पहुंच गई। आंकड़ों का विश्लेषण करें तो नये मामलों में ज्यादातर उन लोगों से जुड़े हैं जो विदेश से लौट रहे हैं या देश के बड़े शहरों से अपने-अपने घर पहुंच रहे हैं और इस घातक कोरोना वायरस संक्रमण को अपने साथ गांवों तक लेकर जा रहे हैं। देश के बड़े शहरों की स्थिति अभी भी सबसे खराब है। देश में कोरोना वायरस से संक्रमित हुए लोगों में से 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग महज पांच शहरों मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, चेन्नई और पुणे मे रहते हैं। इन पांचों शहरों में करीब 46,000 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हैं।

देश में अभी तक करीब 2,800 लोगों की मौत कोरोना वायरस संक्रमण से हुई है जिनमें से करीब आधे इन पांच शहरों से हैं। कोविड-19 और उसके कारण लॉकडाउन से परेशान प्रवासी श्रमिकों के लिए स्थिति और ज्यादा खराब और जानलेवा साबित हो रही है। आज अपने-अपने घर लौटने की चाह में निकले कम से कम 35 प्रवासी श्रमिक उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए हैं जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। इनमें से ज्यादातर ट्रकों से अपने घर लौटने की कोशिश कर रहे थे, जबकि कुछ अन्य ऑटोरिक्शा ले कर घर जा रहे थे। देश में 22 मार्च को जनता कर्फ्यू के बाद 24 मार्च आधी रात से लागू लॉकडाउन के बाद लाखों की संख्या में प्रवासी मजदूरों ने अपने-अपने घर जाने की ठानी और पैदल ही चल पड़े।

## देश में 24 घंटे में 120 लोगों की मौत, पांच हजार नए मामले

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

देश में कोविड–19 के कारण बीते 24 घंटे में और 120 लोगों की मौत के साथ मृतक संख्या बढ़कर 2,872 हो गई। इसी अवधि में संक्रमण के 4,987 नए मामले सामने आए जिसके बाद रविवार सुबह कुल मामले बढ़कर 90,927 हो गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ये आंकड़े शनिवार सुबह आठ बजे से सामने आए हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश में 53,946 मरीजों का इलाज चल रहा है, 34,108 मरीज ठीक हो चुके हैं और एक मरीज देश से बाहर चला गया। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''इस तरह अब तक करीब 37.51 फीसदी मरीज ठीक हो चुके हैं।'' तीन राज्यों में संक्रमण के 10,000 से अधिक मामले हैं जिनमें सर्वाधिक 30,706 मामले महाराष्ट्र में हैं। गुजरात में 10,988 मामले और तमिलनाडु में संक्रमण के 10,585 मामले हैं। संक्रमण के कुल मामलों में वे विदेशी नागरिक भी शामिल हैं जिनकी भारत में जांच हुई। शनिवार सुबह आठ बजे से जिन 120 लोगों की मौत हुई है उनमें से 67 महाराष्ट्र में, 19 गुजरात में, नौ उत्तर प्रदेश में, सात पश्चिम बंगाल में, छह दिल्ली में, चार मध्य प्रदेश में, तीन तमिलनाडु में, दो हरियाणा में और एक–एक मरीज की मौत आंध्र प्रदेश, जम्मू–कश्मीर और राजस्थान में हुई।




### कोरोना से दुनिया में अब तक 48 लाख के करीब संक्रमित

**नई दिल्ली:** दुनिया में कोरोनावायरस से अब तक 47 लाख 20 हजार लोग संक्रमित हो चुके हैं। 19 लाख लोग ठीक भी हुए हैं। वहीं, मौतों का आंकड़ा 3 लाख 15 हजार के करीब बताया जा रहा है। बीजिंग में अब घर से बाहर जाने पर मास्क पहनना जरूरी नहीं होगा। संक्रमण के मामले कम होने पर सरकार ने यह फैसला किया है। हालांकि, प्रशासन ने लोगों से दूरी बनाए रखने के लिए कहा है।

उधर, रूस में एक दिन में 9700 नए मामले मिले हैं। इसके साथ ही यह अमेरिका के बाद दूसरा सबसे ज्यादा संक्रमित देश हो गया है।

## अधिकारियों के व्हाट्सएप ग्रुप में आइएएस अफसर ने अश्लील फोटो के साथ पोस्ट की अपनी न्यूड तस्वीरें

**डेली संवाद, गांधीनगर।**

गुजरात में कोरोना को लेकर कॉर्डिनेशन के लिए बनाए गए एक आईएएस अधिकारियों के वॉट्सऐप ग्रुप के सदस्यों के लिए देर रात को अजीब स्थिति बन गई। इस वॉट्सऐप ग्रुप में एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी ने अपनी न्यूड तस्वीरें पोस्ट कर दीं। इस ग्रुप में कई महिला आईएएस भी सदस्ॆ य हैं।

रिटायर्ड आईएएस अधिकारी वर्तमान में सरकार में बहुत ही संवेदनशील पद पर कार्यरत हैं। रात को उन्होंने वॉट्सऐप ग्रुप में अपनी नग्न तस्वीरें और कुछ अन्य आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की। जिन सदस्यों ने यह पोस्ट देखी, वे हैरान थे। अधिकारियों ने उन तस्वीरों को तत्काल हटाने के लिए कहा। नाराज वॉट्सऐप सदस्यों ने आधी रात तक आपत्तिजनक पोस्ट पर बातचीत जारी रखी।

**सीएम कार्यालय पहुंचा मामला :** यह मामला मुख्यमंत्री के कार्यालय में पहुंचा, लेकिन सीएमओ ने अभी भी मामले में कोई कार्रवाई करने का निर्णय नहीं लिया है। ग्रुप के एक सदस्य ने बताया कि उन लोगों के लिए तस्वीरें देखने के बाद शर्मनाक स्थिति हो गई थी। अजीब भी लग रहा था। अधिकारियों ने तस्वीरें हटाने को कहा लेकिन संबंधित अधिकारी ने पोस्ट नहीं हटाई। इस पर लगातार मेसेज होते रहे। आखिर तस्वीरें पोस्ट करने वाले अधिकारी को फोन करके तस्वीरें हटाने को कहा गया, तब उन्होंने पोस्ट डिलीट की। एक अधिकारी ने बताया, 'यह समूह केवल जानकारी साझा करने के लिए है। समूह पर कोई भी व्यक्तिगत सामग्री पोस्ट नहीं कर सकता है। जब इस सीनियर अधिकारी ने समूह पर अपनी नग्न तस्वीरें और अन्य आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की तो हममें से कई लोग चौंक गए।'



### वरिष्ठ अधिकारियों ने लगाई फटकार

राज्य की नौकरशाही के सूत्रों ने कहा कि वर्तमान में नई दिल्ली में प्रमुख पदों पर तैनात गुजरात कैडर के कुछ वरिष्ठ आईएएस अधिकारी भी वॉट्सऐप ग्रुप के सदस्य हैं। सूत्रों ने कहा, 'एक सेवानिवृत्त मुख्य सचिव, दिल्ली में तैनात कुछ अधिकारियों और कई आईएएस अधिकारियों ने आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने के लिए अधिकारी को फटकार लगाई।'

## पुलिस ने कांग्रेस के बड़े नेता को हिरासत में लिया, मजदूरों को बॉर्डर पर छोड़ने का आरोप

**डेली संवाद, नई दिल्ली।**

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है. अनिल चौधरी ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो जारी किया है. वीडियो में उनके पीछे कई पुलिसवाले दिखाई दे रहे हैं. वीडियो में वो बता रहे हैं कि उन्हें, उनके निवास स्थान पर पुलिस ने डिटेन कर लिया है. पता नहीं क्यों?

वो बोल रहे हैं- नमस्कार मैं चौधरी अनिल कुमार दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष. आज जैसे ही मैं सोकर उठा तो मेरे घर पर हमारे एरिया के एसएचओ पहुंचे. उन्होंने बताया कि मुझे डिटेन किया गया है. मैं घर से बाहर नहीं जा सकता हूं. मुझे नहीं मालूम क्यों? लेकिन अगर मुझे जानकारी देंगे तो फिर आपको भी बताऊंगा क्यों?



उन्होंने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'मुझे मेरे निवास स्थान पर पुलिस द्वारा डिटेंड किया गया है, पता नहीं क्यूं? जैसे ही पता चलेगा आपको सूचित करूंगा.'

वहीं दिल्ली पुलिस के डीसीपी ईस्ट का कहना है कि अनील चौधरी को घर में ही डिटेन किया गया है, क्योंकि कल भी और आज सुबह भी ऐसा हुआ कि माइग्रेंट लेबर को गाड़ियों में भरकर अनील चौधरी और कांग्रेस के कार्यकर्ता दिल्ली यूपी बॉर्डर ले गए। डीसीपी (ईस्ट) जसमीत सिंह ने कहा कि कुछ लोग मजदूरों को खाना खिलाने के नाम पर अवैध तरीके से ट्रक और बस में भरकर शनिवार और रविवार को यूपी बॉर्डर पर छोड़कर आए हैं. हमारे पास काफी वीडियो एविडेंस भी हैं. इसी वजह से हमने उनको (अनिल चौधरी) घर पे ही डिटेन करवा दिया है।

## नवजोत सिद्धू की राह पर चले परगट, कैप्टन के खिलाफ खोला मोर्चा, कहा-पंजाब में नंबर-2 की शराब बिक रही है

**डेली संवाद, जालंधर**

पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू के मित्र ओलंपियन और जालंधर कैंट हलके के विधायक परगट सिंह भी सिद्धू की राह पर चल पड़े हैं। जिस तरह नवजोत सिंह सिद्धू पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं, उसी तर्ज पर पहली बार कैंट हलके विधायक परगट सिंह भी अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

रविवार को अपने आवास पर परगट सिंह ने कहा कि पंजाब में नंबर-2 की शराब बेची जा रही है। जिसका फायदा कुछ लोग उठा रहे हैं। जो पैसा सरकार के खजाने में जमा होना था, वह पैसा चंद माफिया की तिजोरी में जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराब नीति को लेकर पंजाब सरकार गंभीर नहीं है, जिसमें अधिकारियों की अहम योगदान है।



परगट सिंह ने कहा है कि अधिकारी आपस में लड़ने की बजाए राज्य के हित के लिए काम करते तो ज्यादा बढ़िया होता। उन्होंने कहा है कि मंत्रियों और ब्यूरोक्रेट की लड़ाई में पंजाब के लोग पिस रहे हैं। उन्होंने अपने ही सरकार की तुलना पूर्व की अकाली-भाजपा सरकार से कर डाली। परगट सिंह ने कहा कि हमारी सरकार ने साढ़े तीन साल में एक्साइज विभाग की कारपोरेशन तक नहीं बनाई।

परगट सिंह ने कहा कि पंजाब को साढ़े तीन साल में करीब 14.50 हजार करोड़ रुपए रेवेन्यू आया है, जबकि अगर कारपोरेशन बनी होती तो ये रेवेन्यू 30 हजार करोड़ तक जाने की उम्मीद थी। जिससे सरकार को 15 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। यह नुकसान कहीं जानबूझकर तो नहीं करवाया जा रहा है। इस पर भी परगट ने सवाल खड़े किए हैं।

# वित्तमंत्री का बड़ा ऐलान, देश में 40 हजार करोड़ रुपये बढ़ाया गया मनरेगा का बजट



**डेली सवाद, नई दिल्ली।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज से जुड़ी 5वीं और आखिरी चरण की घोषणाओं के दौरान स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ा ऐलान किया है. वित्त मंत्री ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ावा देंगे. सभी जिलों में संक्रमण रोग ब्लॉक होगा और ब्लॉक स्तर पर पब्लिक हेल्थ लैब बनाई जाएगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इसके अलावा देश के 20 करोड़ जन-धन खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए 500-500 रुपये भेजे गए. उज्ज्वला योजना के तहत 6.81 करोड़ रसोई गैस धारकों को मुफ्त सिलेंडर दिया गया. इसके अलावा 2.20 करोड़ निर्माण मजदूरों को सीधे उनके खाते में पैसा दिया गया।

**आपदा को अवसर में बदलने की जरूरत :** वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री ने कहा था कि आपदा को अवसर में बदलने की जरूरत है. उसी के मुताबिक ये आर्थिक पैकेज तैयार किया गया है. उन्होंने कहा कि इस पैकेज में लैंड, लेबर, लॉ, लिक्विडिटी पर जोर दिया गया है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर कैश का किया गया. इसके तहत 8.19 करोड किसानों के खाते में 2-2 हजार रुपये दिए गए हैं।

### ऑनलाइन एजुकेशन के लिए 12 नए चैनल

वित्त मंत्री ने कहा कि मजदूरों को उनके गृह राज्यों तक पहुंचाने के लिए 85 फीसदी खर्चा केंद्र सरकार दे रही है. मजदूरों को ट्रेनों में खाना दिया जा रहा है. वित्त मंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस से लड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग को 15 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं. टेस्टिंग और लैव किट के लिए 550 करोड़ रुपये दिए गए हैं. कोरोना से जंग में लड़ रहे स्वास्थ्यकर्मियों के लिए 50 लाख रुपये के स्वास्थ्य बीमा की घोषणा की गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ऑनलाइन एजुकेशन का इस्तेमाल किया गया है. स्वयंप्रभा डीटीएच चैनल में पहले 3 थे, उसमें 12 और नए चैनल जोड़े जा रहे हैं. लाइव इंटरएक्टिव चैनल जोड़े जा सकें इसलिए भी काम किया जा रहा है. राज्यों से अनुरोध किया गया है कि वे 4 घंटे का कंटेट दें, जिसे लाइव चैनलों पर दिखाया जा सके।


### मनरेगा का बजट 40 हजार करोड़ बढ़ाया गया

केंद्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की योजना मनरेगा के बजट में बड़ा इजाफा किया है. वित्त मंत्री ने कहा कि मनरेगा का बजट 40 हजार करोड़ रुपये बढ़ा दिया गया है. पहले मनरेगा का बजट 61 हजार करोड़ रुपये था, अब इसमें 40 हजार करोड़ का इजाफा किया गया है। हेल्थ सेक्टर के लिए अब सभी जिलों में संक्रामक रोगों के लिए हॉस्पिटल होंगे, हर प्रखंड में लैब बनाया जाएगा. सरकार ऑनलाइन लर्निंग पर पूरा ध्यान दे रही है. इस सिलसिले में सरकार पहले क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के लिए एक एक चैनल लॉन्च करेगी. यानी कि हर क्लास के लिए एक चैनल होगा. बच्चों को मनोवैज्ञानिक रूप से स्वस्थ्य रखने के लिए मनोदर्पण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा. दिव्यांगों के लिए विशेष ई कंटेट लाया जाएगा।


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इसके अलावा देश के 20 करोड़ जन-धन खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए 500-500 रुपये भेजे गए. उज्ज्वला योजना के तहत 6.81 करोड़ रसोई गैस धारकों को मुफ्त सिलेंडर दिया गया. इसके अलावा 2.20 करोड़ निर्माण मजदूरों को सीधे उनके खाते में पैसा दिया गया।


### रेस्त्रां, स्कूल, जिम, बस, जानें- लॉकडाउन 4.0 में क्या खुलेगा, क्या रहेगा बंद

**डेली संवाद, नई दिल्ली**




पूरे देश में लॉकडाउन 4.0 को बढ़ा दिया गया है. इस बाबत गृह मंत्रालय की ओर से गाइडलाइंस जारी कर दी गई हैं. घरेलू–विदेशी उड़ानों को इजाजत नहीं दी गई है. हॉटस्पॉट एरिया में सख्ती जारी रहेगी. मेट्रो पर पाबंदी रहेगी. इसके अलावा स्कूल–कॉलेज बंद भी बंद रहेंगे. कैबिनेट सचिव राजीव गाबा लॉकडाउन 4.0 के गाइडलाइंस को लेकर आज रात 9 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी राज्यों के मुख्य सचिवों/महानिदेशकों से चर्चा करेंगे. गौरतलब है कि 24 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब पहली बार लॉकडाउन की घोषणा की थी तो देश में कोरोना वायरस के लगभग 300 मरीज थे. आज लगभग 53 दिनों बाद देश में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की कुल संख्या 90000 से ऊपर पहुंच गई है. .

## भज्जी के बाद अब युवी के निशाने पर आए आफरीदी, कहा- घटिया बातें बर्दाश्त नहीं करेंगे

**नई दिल्ली** टीम इंडिया के धाकड़ ऑलराउंडर रहे युवराज सिंह ने शाहिद आफरीदी के पीएम मोदी पर विवादित बयान के बाद ट्विटर पर नाराजगी जाहिर की है. पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद आफरीदी ने हाल ही में पीओके का दौरा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर जहर उगला था.

शाहिद अफरीदी ने कहा था, %कोरोना से बड़ी बीमारी मोदी के दिल और दिमाग में हैं और वह बीमारी मजहब की बीमारी है. उस बीमारी को लेकर वह सियासत कर रहे हैं और हमारे कश्मीर कश्मीरी भाई-बहनों और बुजुर्गों के साथ जुल्म कर रहे हैं. उन्हें इसका जवाब देना होगा.%





आफरीदी के इस बयान से नाराज होकर युवराज सिंह ने ट्विटर पर लिखा, %आफरीदी के व्यवहार से मैं काफी नाखुश हूं. उन्होंने जो कमेंट पीएम मोदी जी के खिलाफ किए उससे मैं काफी निराश हुआ हूं. एक जिम्मेदार भारतीय होने के नाते मैं कभी भी ऐसे शब्द स्वीकार नहीं करुंगा. मैंने मानवता के लिए आपके फाउंडेशन के लिए मदद मांगी थी. अब कभी भी ऐसा नहीं होगा. जय हिन्द.

बता दें कि हाल ही में हरभजन सिंह और युवराज सिंह ने कोरोना वायरस की लड़ाई के मद्देनजर शाहिद आफरीदी के फाउंडेशन के लिए मदद की अपील की थी, जिसके बाद दोनों भारतीय खिलाड़ियों को ट्रोल किया गया था. इसके बाद युवराज सिंह ने सफाई देते हुए ट्विटर पर लिखा था, मै सच में नहीं समझ पा रहा हूं कि कैसे सबसे कमजोर लोगों की मदद करने के लिए एक संदेश को हवा में उड़ा दिया गया. मैंने उस मेसेज से जो कुछ हासिल करने की कोशिश की. वह कोविड-19 से परेशान लोगों की मदद करने के लिए था. मेरा इरादा किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था. मैं एक भारतीय हूं और मैं हमेशा भारतीय ही रहूंगा और हमेशा मानवता की भलाई के लिए खड़ा रहूंगा. जय हिंद.